6. वचन

व्याकरण में शब्द के जिस रूप से उसके एक या एक से अधिक संख्या में होने का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं। लिंग के समान वचन परिवर्तन भी रटने के स्थान पर समझने और अभ्यास द्वारा ही सीखने का प्रयास करना चाहिए।

शिक्षण-संकेत

- छात्रों को वचन की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- पृष्ठ 40 पर दिए खंड क, खंड ख के वाक्यों को पढ़वाएँ तथा छात्रों को उनका अंतर बताने को कहें।
- वचन की परिभाषा छात्रों से सुनें।
- वचन के दोनों भेदों के बारे में पहले छात्रों से पूछें।
- बताएँ, आदरार्थ एवं लोकव्यवहार प्रकट करने के लिए एकवचन का बहुवचन में प्रयोग किया जाता है। पृष्ठ 41 के उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें।
- सदैव एकवचन में प्रयोग होने वाले शब्दों के बारे में बताएँ। पृष्ठ 41 पर दिए शब्दों द्वारा स्पष्ट करें।
- बीच-बीच में छात्रों की पाठ में उपस्थिति जाँचने के उद्देश्य से प्रश्न करें।
- वचन परिवर्तन के नियम समझाएँ। पृष्ठ 41-43 पर दिए शब्दों को पढ़वाएँ तथा नियमों को स्पष्ट रूप से समझाएँ।
- सुनिश्चित कर लें कि छात्र पाठ भली-भाँति समझ पा रहे हैं या नहीं।
- अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।